राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड

राजभवन देहरादून, 17 नवम्बर, 2023

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से शुक्रवार को राजभवन में युवा एथलीट अंकित कुमार ने भेंट की। मूल रूप से पौड़ी गढ़वाल के निवासी अंकित कुमार ने हाल में ही गोवा में संपन्न 37वें राष्ट्रीय खेलों में 10 किमी रेस की प्रतिस्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता है। राज्यपाल ने अंकित को बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने नेशनल गेम्स में प्रदेश का मान बढ़ाया है और वे अन्य युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड के युवा बेहद प्रतिभावान हैं, और वे किसी भी लक्ष्य को हासिल करने की क्षमता रखते हैं। उन्होंने कहा कि अन्य युवाओं को उनसे सीख लेने की जरूरत है। राज्यपाल ने युवा एथलीट को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए अपना आशीर्वाद दिया।

.............0............